राष्ट्रीय महिला आयोग

चर्चा में क्यों?

सूत्रों के अनुसार, वर्ष 2024 में [राष्ट्रीय महिला आयोग (NCW)](#) **को सबसे अधिक शिकायतें उत्तर प्रदेश से प्राप्त हुईं, उसके बाद दिल्ली और महाराष्ट्र** का स्थान रहा।

मुख्य बिंदु:

- वर्ष 2024 में राष्ट्रीय महिला आयोग में दर्ज की गई **12,648 शिकायतों** में से **6,492 शिकायतों** के साथ उत्तर प्रदेश सबसे आगे रहा, जिसके बाद 1,119 शिकायतों के साथ दिल्ली दूसरे और 764 शिकायतों के साथ महाराष्ट्र तीसरे स्थान पर रहा।
  - **तमिलनाडु, कर्नाटक, बिहार, मध्य प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान और पश्चिम बंगाल** जैसे अन्य राज्यों से भी शिकायतों की संख्या अलग-अलग रही।
- सबसे अधिक शिकायतें, कुल 3,567, "**गरिमा के अधिकार**" से संबंधित श्रेणी में दर्ज की गईं, जिसमें **घरेलू हिंसा** के अलावा उत्पीड़न भी शामिल है।
- इसके बाद घरेलू हिंसा की 3,213 शिकायतें, **दहेज उत्पीड़न** की 1,963 शिकायतें, **छेड़छाड़** की 821 शिकायतें, **महिलाओं के प्रति पुलिस की उपेक्षा की 524 शिकायतें** तथा **बलात्कार** के प्रयास की 658 शिकायतें दर्ज की गईं।
- मणिपुर, जहाँ बड़े पैमाने पर जातीय हिंसा के साथ-साथ महिलाओं के खिलाफ अपराध हुए हैं, ने वर्ष 2023 में राष्ट्रीय महिला आयोग में केवल छह शिकायतें दर्ज कीं।

राष्ट्रीय महिला आयोग (National Commission for Women- NCW)

- NCW भारत सरकार का एक **सांविधिक निकाय है, जो आमतौर पर महिलाओं को प्रभावित करने वाले सभी नीतिगत मामलों** पर सरकार को सलाह देता है।
- इसका गठन **जनवरी 1992 में** भारतीय संविधान के प्रावधानों के तहत किया गया था, जैसा कि **राष्ट्रीय महिला आयोग अधिनियम, 1990** में परिभाषित किया गया था।
- NCW का **उद्देश्य भारत में महिलाओं के अधिकारों का प्रतिनिधित्व करना और उनसे जुड़े मुद्दों एवं चिंताओं** के लिये अभिव्यक्ति प्रदान करना है।
- **दहेज, राजनीतिक मामले, धार्मिक मामले, नौकरियों में महिलाओं के समान प्रतिनिधित्व और श्रम क्षेत्र** में महिलाओं के शोषण जैसे विभिन्न विषय उसके अवलोकन के दायरे में शामिल रहे हैं।
- NCW **हिंसा, भेदभाव, उत्पीड़न की शिकार या अपने अधिकारों से वंचित महिलाओं की शिकायतें भी स्वीकार** करता है और मामलों की जाँच करता है।

महिलाओं के प्रति हिंसा **राष्ट्रीय महिला आयोग को अब तक प्राप्त शिकायतों की राज्यवार संख्या**	
राज्य	**शिकायतें**
उत्तर प्रदेश	**6,492**
दिल्ली	**1,119**
महाराष्ट्र	**764**
बिहार	**586**
मध्य प्रदेश	**516**
हरियाणा	**509**
राजस्थान	**409**
पश्चिम बंगाल	**307**
कर्नाटक	**305**

तमिलनाडु	304
अन्य	1,337

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/national-commission-for-women